मोहनपुरा सिंचाई परियोजना राष्ट्र को समर्पित

drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-in-mdhya-pradesh-dedicates-mohanpura-irrigation-project-to-the-nation

चर्चा में क्यों?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के रायगढ़ ज़िले में मोहनपुरा सिंचाई परियोजना राष्ट्र को समर्पित की। यह परियोजना कृषि भूमि की सिंचाई सुविधा के साथ-साथ इस क्षेत्र के गाँवों को पीने का पानी भी उपलब्ध कराएगी।

प्रमुख बिंदु

- परियोजना की कुल लागत 3866.34 करोड़ रुपए है।
- इस परियोजना का निर्माण कार्य दिसंबर 2014 में शुरू हुआ था। फरवरी 2018 में निर्माणावधि से पहले इसे पूरा कर लिया गया।
- इस बांध में करीब 61.63 करोड़ घन मीटर जल भराव की क्षमता है। 456.50 मीटर लंबा और 77.50 मीटर की ऊँचाई वाला पक्का बांध बनाया गया है।
- इस बांध के निर्माण से करीब 1.34 लाख हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई की जा सकेगी।
- इस परियोजना से मध्यप्रदेश की राजगढ़ ज़िले के 727 ग्राम लाभान्वित होंगे। परियोजना के अंतर्गत उद्योगों और पेयजल के लिये 5-5 मिलियन घन मीटर पानी आरक्षित किया गया है।
- 17 गेट वाला यह बांध ज़िले का सबसे बड़ा और भोपाल संभाग का दूसरा सबसे बड़ा बांध है।

अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु

- मोहनपुरा सिंचाई परियोजना के साथ-साथ कई अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया गया।
- प्रधानमंत्री ने स्वच्छ सर्वेक्षण (Swachh Survekshan), 2018 के विजेताओं की भी प्रशंसा की।
- प्रधानमंत्री ने इंदौर के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 'सूत्र सेवा' नामक राज्य सरकार की शहरी परिवहन योजना का भी उद्घाटन किया।
- यह किफायती बस सेवा 'सूत्र सेवा: एमपी की अपनी बस' (Sutra Seva: MP Ki Apni Bus) राज्य के 20 चयनित शहरों में पेश की जा रही है।
- शहरी विकास और आवास विभाग (Urban Development and Housing Department) निजी साझेदारी के माध्यम से अमृत योजना (Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation - AMRUT) के तहत शहरों के अंदर और बाहर बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी।
- 'सूत्र सेवा' के पहले चरण में 127 बसें चार नगर पालिका शहरों- भोपाल, इंदौर, जबलपुर एवं छिंदवाड़ा में और दो नगर पालिका कस्बों गुना व भिंड में चलाई जाएंगी।

- प्रधानमंत्री ने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन में 278.26 करोड़ रुपए की लागत से 23 विकास परियोजनाएँ भी राष्ट्र को समर्पित की।
- कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 14 शहरी क्षेत्रों के लिये पेयजल योजनाओं का उद्घाटन किया। ये स्थान हैं: धरमपुरी नगर परिषद (धार ज़िला), रायसेन नगर परिषद, बेगमगंज, ओबेदुल्लागंज (Obaidullaganj), बेरसिया (भोपाल), अथनर (बेतूल), भाववद (रतलाम), डिंडोरी, लखनादोन (सेनी), नरसिंहपुर, सबलगढ़, बमर, पोर्सा (मुरैना) और बामौरी (शहडोल)।